पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर

राज्यपाल ने राजभवन में कम्प्यूटर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया

नीलेट संस्था के सहयोग से राजभवन के बच्चे प्राप्त करेंगे रोजगारपरक कम्प्यूटर के 'ट्रिपल सी' कोर्स का प्रशिक्षण

सभी विद्यार्थी लगन से सीखें और दक्षता हासिल करें

पूरा विश्व भारत की डिजिटाइजेशन प्रगति से प्रभावित है

तकनीकी ज्ञान की दक्षता जरूरी है

सभी विद्यार्थी प्रशिक्षण की परीक्षा देकर प्रमाण-पत्र भी प्राप्त करें

-राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 21 अगस्त, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहाँ राजभवन में अध्यासितों तथा कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों तथा उनके बच्चों के लिए कम्प्यूटर प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर सम्बोधित करते हुए

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के लिए आए सभी विद्यार्थी लगन से सीखें, सभी कक्षाएं अटेन्ड करें और प्रशिक्षण में दक्षता हासिल करें। उन्होंने कहा कि आज हम सब तकनीकी युग में हैं और भारत जिस तेजी से डिजिटाइजेशन की ओर बढ़ रहा है, उससे पूरा विश्व प्रभावित है। इस क्रम में राज्यपाल जी ने प्रशिक्षण के लिए आए बच्चों को जी–20 सम्मेलन के दौरान जर्मनी से आए प्रतिभागी द्वारा भारत की ई–पेमेंट प्रणाली की दक्षता पर व्यक्त आश्चर्य और विजेता मुद्रा की अभिव्यक्ति का प्रकरण भी बताया।

राज्यपाल जी ने कार्यक्रम में विद्यार्थियों को तकनीकी ज्ञान पर दक्षता हासिल करना जरूरी बताते हुए कहा कि ये प्रशिक्षण रोजगारपरक है और भविष्य में किसी भी पद के लिए आवेदन करते समय इस प्रशिक्षण की योग्यता उनके लिए अहम होगी। उन्होंने कहा कि तकनीकी दक्षता भविष्य में बढ़ते डिजिटाइजेशन के दौरान उन्हें साइबर सुरक्षा भी प्रदान करेगी। उन्होंने सभी विद्यार्थियों उको पूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त करके परीक्षा देकर प्रमाण–पत्र आवश्यक रूप से हासिल करने के लिए प्रेरित किया।

ज्ञातव्य है कि राजभवन में प्रारम्भ में प्रशिक्षण नीलेट संस्था के प्रशिक्षकों द्वारा दिया जा रहा है। राष्ट्रीय इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (NIELIT) भारत सरकार के इलेक्ट्रानिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के तहत एक स्वायत्त संस्था है। उ0प्र0 में इसके 02 प्रशिक्षण केन्द्र लखनऊ और गोरखपुर में हैं। राजभवन में इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संस्था द्वारा विद्यार्थियों को 'ट्रिपल सी' कम्प्यूटर

कोर्स का प्रशिक्षण दिया जाएगा तथा परीक्षा उपरांत पास हुए विद्यार्थियों को प्रमाण–पत्र भी दिया जायेगा। कार्यक्रम में नीलेट के निदेशक डॉ0 धीरेन्द्र कुमार मिश्रा ने प्रतिभागी प्रशिक्षणार्थियों को इस कोर्स की विशेषताओं और उपयोगिता के बारे में जानकारी दी। अपर मुख्य सचिव राज्यपाल डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने प्रशिक्षणार्थियों को नियमित कक्षाएं करने, सीखने के लिए प्रतिबद्धता रखने और 'ट्रिपल सी' कोर्स के बाद अगले उच्च कोर्स के प्रति भी ज्ञानार्जन की इच्छा रखने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर राजभवन के समस्त अधिकारी, कर्मचारीगण तथा 35 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

––––––

डॉ0 सीमा गुप्ता
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र– 8318116361

*